प्रेस नोट

दिनांक 01.08.2025

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र निरीक्षण ।

आज दिनांक 01.08.2025 को अपर जिलाधिकारी, जनपद हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों हेतु स्थापित राहत शिविरों एवं उनके लिए बनाए गए अस्थाई आवास केंद्रों का भी अवलोकन किया गया।

इस दौरान मौके पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं जैसे- शुद्ध पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि किसी भी पीड़ित को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर मौजूद बाढ़ प्रभावित नागरिकों से संवाद कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया।